**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 21.04.2022 को अपरान्ह 02.30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थितिः—

1. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
2. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
3. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
4. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
5. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
6. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
7. रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
8. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अन्तर्गत एस0एन0ए0 प्रणाली से शून्य भुगतान वाले जनपदों, लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर एवं पी0एम0 स्वनिधि योजना की समीक्षा की गयी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):—

बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में एस0एन0ए0 प्रणाली से शून्य भुगतान वाले जनपदों, लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर की समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. अलीगढ़ः—15 अप्रैल, 2022 तक 02 पी0पी0ए0 जनरेट किये जाने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु जनपद द्वारा एक भी पी0पी0ए0 जनरेट नहीं किया गया, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नई प्रक्रिया होने के कारण कठिनाई हो रही थी, जिससे पी0पी0ए0 जनरेट करने में विलम्ब हुआ। वर्तमान में 458 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त तथा 231 लाभार्थियों की तृतीय किश्त की पत्रावली प्रक्रियाधीन है। 1—2 दिन में भुगतान कर दिया जायेगा। द्वितीय किश्त हेतु लम्बित 1225 लाभार्थियों के सापेक्ष मात्र 458 का ही अनुमोदन लिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान किया जाये तथा द्वितीय किश्त हेतु अवशेष लगभग 750 लाभार्थियों का भी अनुमोदन अविलम्ब प्राप्त कर भुगतान कराया जाये।

   लम्बित करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 20 करटेलमेन्ट डीपीआर तैयार हैं। 19 करटेलमेन्ट में कुछ आपत्तियां आई थी, जिनका निस्तारण कराकर शीघ्र ही प्रेषित कर दी जायेगी।

2. आगराः—परियोजना अधिकारी द्वारा गूगल शीट पर गलत एन्ट्री किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा के अनुमोदन के पश्चात् ही गूगल शीट पर एन्ट्री की

क्रमशः......2 पर



Scanned with CamScanner

जाती है, जिस पर निर्देश दिये गये कि पी0पी0ए0 बैंक से क्लीयर होने के बाद ही गूगल शीट पर एन्ट्री की जाये, जिससे मुख्यालय स्तर पर बैंक स्टेटमेन्ट से पी0पी0ए0 का मिलान किया जा सके।

3. <u>अम्बेडकर नगरः—</u>गूगल शीट अपडेट किये जाने के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 05 दिवस पूर्व गूगल शीट अपडेट की गयी थी। इस पर जानकारी की गयी कि बैंक स्टेटमेन्ट में अभी तक भुगतान शून्य क्यों प्रदर्शित हो रहा है। इस पर अवगत कराया गया कि पी0पी0ए0 हस्ताक्षर हेतु जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा को प्रस्तुत किये गये है, जिसे हस्ताक्षरोपरान्त बैंक में प्रेषित किया जायेगा। निर्देश दिये गये सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये कि पी0पी0ए0 बिना बैंक भेजे गूगल शीट पर एन्ट्री क्यों की गयी?

4. <u>अमेठीः—</u>01 अप्रैल, 2022 से कोई भी किश्त अवमुक्त न किये जाने के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि द्वितीय किश्त हेतु 84 लाभार्थियों के पी0पी0ए0 पर हस्ताक्षर हो गये हैं, जिसे बैंक में भेज दिया गया है। जिओ टैग के सापेक्ष 627 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त लम्बित है, जिसके सापेक्ष मात्र 84 का ही अनुमोदन लिये जाने के सम्बन्ध में जानकारी की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में परियोजना निदेशक द्वारा द्वितीय किश्त से पूर्व सभी लाभार्थियों की जांच करायी जा रही है, जिसमें से अभी मात्र 84 लाभार्थियों की ही जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिनका पी0पी0ए0 बैंक भेज दिया गया है। निर्देशित किया गया कि अवशेष लाभार्थियों हेतु जांच टीम से समन्वय कर शीघ्र जांच पूर्ण करायें।

5. <u>फिरोजाबादः—</u>धनराशि उपभोग न किये के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि रू0 26 करोड़ के पी0पी0ए0 दिनांक 07.04.2022 को बैंक भेज दिये गये थे, परन्तु बैंक द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया, जिस पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा द्वारा भी बैंक को तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में सूडा को पत्र भी प्रेषित किया जा चुका है, जिस पर निर्देश दिये गये कि एच0डी0एफ0सी0 बैंक को पत्र प्रेषित किया जाये कि उनके द्वारा अपने शाखा प्रबन्धकों को एस0एन0ए0 का प्रशिक्षण ठीक प्रकार से नहीं कराया गया है।

6. <u>बलियाः—</u>सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 190 लाभार्थियों का पी0पी0ए0 बैंक को प्रेषित किया गया है। अवशेष लाभार्थियों के पी0पी0ए0 के सम्बन्ध में जानकारी की गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि परियोजना निदेशक द्वारा निर्देश दिये गये है कि जब तक संस्था नहीं आयेगी, तव तक न ही जिओ टैग होगा एवं न ही भुगतान किया जायेगा। संस्था न होने पर सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा प्रतिदिन कितने जिओ टैग किये जाते हैं, के सम्बन्ध में जानकारी करने पर सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया, जिस पर कार्यक्रम अधिकारी, सूडा को निर्देश दिये गये कि मध्य जनवरी, 2022 से मार्च, 2022 के अन्त तक कितना जिओ टैग हुआ, का डाटा निकाल लें। लम्बित द्वितीय एवं तृतीय किश्त के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में परियोजना अधिकारी न होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

क्रमशः......3 पर



Scanned with CamScanner

वर्तमान में द्वितीय किश्त हेतु 844 तथा तृतीय किश्त हेतु 1644 लाभार्थियों की जांच लम्वित है। निर्देशित किया गया कि भुगतान हेतु पत्रावली कब अग्रसारित की गयी, उसमें से कितनी जांच हो गयी तथा कितनी लम्बित है, यह चेक कर लें तथा उसकी नोटशीट की छायाप्रति भी मंगा लें। साथ ही 31 दिसम्बर, 2021 के डाटा के हिसाब से कितनी किश्त लम्वित थी, उससे मिलान कर लें।

लम्बित करटेलमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जांच की जा रही है। निर्देशित किया गया कि जांच पूर्ण कराते हुए करटेलमेन्ट डीपीआर दिनांक 30.04.2022 तक प्रेषित करें।

7. <u>महाराजगंजः</u>—परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा से 3400 लाभार्थियों का अनुमोदन प्राप्त किया गया था, परन्तु सी0एल0टी0सी0 द्वारा 1900 का ही पी0पी0ए0 निकाला गया है। जनपद स्तर पर लम्बित लगभग 1000 की द्वितीय किश्त व 1000 की तृतीय किश्त के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि सभी की आधार सीडिंग नहीं हैं, जिस कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। निर्देश दिये गये कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के समय आधार सीडिंग क्यों नहीं करायी गयी? यदि आपके द्वारा 10 दिवस में उक्त कार्य नहीं किया जाता है, तो आपकी सम्बद्धता समाप्त कर दी जायेगी।

8. <u>बरेलीः</u>—लम्बित 6281 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 2200 का पी0पी0ए0 आगामी सप्ताह में भेज दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि 30 अप्रैल, 2022 तक प्रथम किश्त हेतु सभी पात्र लाभार्थियों का पी0पी0ए0 बैंक को प्रेषित कर दिया जाये।

9. <u>गोरखपुरः</u>—लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 56वी सीएसएमसी को छोड़कर सभी परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर प्रेषित की जा चुकी हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर लम्बित 4288 प्रथम किश्त के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि शीघ्र ही पी0पी0ए0 प्रेषित कर दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त करना सुनिश्चित करें।

10. <u>कासगंजः</u>—लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 15 करटेलमेन्ट डीपीआर जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा से हस्ताक्षर कराकर संस्था को उपलब्ध ा करा दी गयी है। 11 डीपीआर जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा के समक्ष हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत कर दी गयी है। 19 डीपीआर संस्था स्तर पर लम्बित है, जिसे शीघ्र ही हस्ताक्षर कराकर प्रेषित कर दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि यदि संस्था द्वारा कार्य ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है, तो सूडा को अवगत करायें।

11. <u>औरैयाः</u>—लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में सीएलटीसी द्वारा अवगत कराया गया कि 39 में से 02 की जांच हो गयी, शेष की तहसील से जांच में विलम्ब हो रहा है। किन लाभार्थियों की जांच की जा रही है, के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि जिनको प्रथम किश्त अवमुक्त नहीं की गयी है,

क्रमशः.......4 पर



Scanned with CamScanner

उन्हीं की जांच करायी जा रही है। लगभग 4400 लाभार्थियों की जांच प्रक्रियाधीन है। निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में लायें।

12. **रामपुरः—**लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 20 करटेलमेन्ट डीपीआर पर अधिशासी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर दिये गये हैं, जिसे दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा से हस्ताक्षरित कराकर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

13. **हमीरपुरः—**लक्ष्य के सापेक्ष विगत 15 दिवस में जनपद में प्रथम लेवल जिओ टैग 12, फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग 04, लिन्टल लेवल जिओ टैग 71 तथा रूफ लेवल जिओ टैग 78 किये गये है, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी। निर्देश दिये गये कि नियमित अनुश्रवण करते हुए प्रगति बढ़ायी जाये।

14. **मथुराः—**56 सीएसएमसी के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में 4182 जीरो लेवल जिओ टैग तथा 516 अटैचमेन्ट लम्बित हैं। इस सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था के सभी कर्मी करटेलमेन्ट में लगे होने के कारण जिओ टैग का कार्य प्रभावित रहा, परन्तु अब समस्त कर्मियों को जिओ टैग पर लगा दिया गया है। निर्देशित किया गया कि लम्बित अटैचमेन्ट कराते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त करना सुनिश्चित करें।

15. **मेरठः—**लक्ष्य के सापेक्ष विगत 15 दिवस में जनपद में प्रथम लेवल जिओ टैग 148, फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग 04, लिन्टल लेवल जिओ टैग 19 तथा रूफ लेवल जिओ टैग 16 किये गये है, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी। परियोजना अधिकारी से जीरो लेवल जिओ टैग के लक्ष्य के बारे में जानकारी चाही गयी। परियोजना अधिकारी को लक्ष्य की कोई जानकारी नहीं थी। निर्देशित किया गया कि जो लक्ष्य दिया गया है, उसका नियमित अनुश्रवण करें तथा दिनांक 30 अप्रैल, 2022 तक लक्ष्य पूर्ण करें।

**पी0एम0 स्वनिधिः—**

पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत प्रगति के सम्बन्ध में निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. **अमेठीः—**स्वनिधि योजनान्तर्गत मात्र 03 ऋण वितरण किये गये है, जो कि बहुत कम है।

2. **बदायूंः—**स्वनिधि योजनान्तर्गत 63 प्रथम ऋण वितरण किये गये हैं तथा 669 द्वितीय ऋण वितरण किये गये हैं। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि द्वितीय ऋण वितरण हेतु ज्यादा प्रयास किये जा रहे हैं। निर्देशित किया गया कि प्रथम ऋण वितरण हेतु शहर मिशन प्रबन्धक एवं सामुदायिक आयोजक को लगाया जाये।

3. **कुशीनगरः—**परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 337 आवेदन पत्र ऑनलाइन है, जिनका 1—1 करके निस्तारण किया जा रहा है। जनपद की 07 में से 05 नगर निकाय संतृप्त होने के अन्तिम चरण पर है। निर्देश दिये गये कि सभी ऑनलाइन आवेदन पत्रों का निस्तारण करायें।

क्रमशः......5 पर



Scanned with CamScanner

4. <u>गोरखपुरः–</u>परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अप्रैल, 2022 में बैंकों के साथ 02 बैठक हो चुकी हैं। लीड बैंक मैनेजर नये आये हैं, जिनके द्वारा दिनांक 25.04.2022 से कार्यभार ग्रहण किया जायेगा, उसके पश्चात् प्रगति में सुधार आ जायेगा।

<u>इसके अतिरिक्त निम्न निर्देश दिये गयेः–</u>

1. वर्तमान में जनपद फिरोजाबाद, गोरखपुर एवं लखनऊ द्वारा लिमिट बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया है। यदि अन्य किसी जनपद को भी लिमिट बढ़ानी है, तो शासनादेश में वर्णित निर्देशानुसार जिलाधिकारी/ अध्यक्ष, डूडा के माध्यम से पत्र प्रेषित कर दें।
2. पी0पी0ए0 का बैंक से भुगतान होने के उपरान्त ही गूगल शीट पर एन्ट्री की जाये, जिससे प्रतिदिन मुख्यालय स्तर पर बैंक स्टेटमेन्ट से मिलान किया जा सके।
3. पी0पी0ए0 निकालने के बाद यह अवश्य सुनिश्चित किया जाये कि पी0पी0ए0 की अवधि समाप्त होने से पूर्व बैंक को प्रेषित कर दिया जाये तथा बैंक द्वारा 02 दिन में पी0पी0ए0 का भुगतान कर दिया जाये।
4. जनपद अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, भदोही, बिजनौर, बदायूं, एटा, इटावा, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, हाथरस, झांसी, कन्नौज, कासगंज, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, शाहजहांपुर, शामली एवं उन्नाव के परियोजना अधिकारियों द्वारा तत्काल नियमानुसार अनुमोदन प्राप्त कर पी0पी0ए0 जनरेट किया जाये।
5. लम्बित प्रथम किश्त का भुगतान करते हुए दिनांक 30.04.2022 तक सभी पात्र लाभार्थियों के आवासों की ग्राउण्डिंग करा दें।
6. दिनांक 30.04.2022 तक सभी करटेलमेन्ट/अभ्यर्पण डीपीआर प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दी जाये अन्यथा सम्बन्धित परियोजना अधिकारी यदि अन्य विभाग के हैं, तो उन्हें विभाग में वापिस भेज दिया जायेगा तथा यदि सूडा के हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर की आबद्धता भी समाप्त कर दी जायेगी।
7. जिन जनपदों द्वारा 31 मार्च, 2022 तक की यू0सी0 अभी तक नहीं भेजी गयी है, वह तत्काल यू0सी0 उपलब्ध करायें। साथ ही प्रत्येक तिमाह के प्रथम सप्ताह में पिछले तिमाही की यू0सी0 अवश्य उपलब्ध करा दें।
8. सभी परियोजना अधिकारी 100 दिवस के लक्ष्य के आधार पर जो भी रणनीति/कार्य योजना तैयार करनी है, वह तैयार कर लें तथा लक्ष्य को पूर्ण करायें। यदि लक्ष्य पूर्ण नहीं किया गया, तो शासन द्वारा कार्यवाही किया जाना सम्भावित है।
9. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत माह हेतु निर्धारित की गयी धनराशि का उपभोग कर लिया जाये।

क्रमशः......6 पर



Scanned with CamScanner

10. दिनांक 30.04.2022 तक सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त कर दें या उनकी करटेलमेन्ट / अभ्यर्पण डीपीआर उपलब्ध करायें।

11. पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत कतिपय जनपदों द्वारा अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है, वे जनपद अपने प्रदर्शन में सुधार लाये। साथ ही ऑनलाइन आवेदन पत्रों का निस्तारण अवश्य कर दें।

12. सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत समूहों का गठन एवं उनको आवर्ती निधि (आर0एफ0) दिये जाने हेतु मिशन के दिशा–निर्देशों के अनुसार साप्ताहिक कार्य–योजना का निर्धारण कर लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित अवधि में करायी जाये।

13. समूहों का गठन दिशा–निर्देशा के अनुसार सी0आर0पी0 रणनीति पर कराया जाये। निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार सी0आर0पी0 का चिन्हांकन सूचना तत्काल मुख्यालय को उपलब्ध करायी जाये, जिससे सी0आर0पी0 को एन0आर0एल0एम0 के माध्यम से प्रशिक्षित कराये जाने की कार्यवाही यथाशीघ्र की जा सके।

14. स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्यों की पूर्ति किये जाने हेतु लक्ष्य के सापेक्ष न्यूनतम तीन गुना ऋण आवेदन पत्र टास्क फोर्स से अनुमोदित कराकर बैंकों को प्रेषित किये जाये तथा लीड बैंक मैनेजर एवं बैंकों से समन्वय कर ऋण स्वीकृत एवं वितरित कराया जाये।

15. एन0यू0एल0एम0 में आच्छादन हेतु शहरों की संख्या बढ़ायी जाने की कार्यवाही की जा रही है, इससे लक्ष्यों की पूर्ति करने में सुविधा होगी।

अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

2.5.22

(यशु रूस्तगी)
निदेशक

संख्याः– 450 / 01 / तीस / कार्यक्रम–Vol-VII / 2022–23 दिनांकः– 02 मई, 2022

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. वित्त नियन्त्रक, सूडा, लखनऊ।
3. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
4. परियोजना अधिकारी, एन0यू0एल0एम0, सूडा, लखनऊ।
5. समस्त परियोजना अधिकारी / सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
6. समस्त एस0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ, सूडा, लखनऊ।
7. समस्त सी0एल0टी0सी0, पी0एम0ए0वाई0, उ0प्र0।
8. गार्ड फाईल।

2.5.22

(यशु रूस्तगी)
निदेशक



Scanned with CamScanner